>

Title : Need to release arrears of incentive payable to employees of Bank Note Press, Dewas, Madhya Pradesh.

श्री सज्जन वर्मा (देवास): बैंक नोट प्रेस देवास के कर्मचारियों को छठें वेतनमान का पूर्ण लाभ अब तक नहीं दिया गया है। सितम्बर 2008, मिन्ट एवं प्रेसेज की 9 इकाइयों को कारपोरेशन के अधीन करके एरियर का भुगतान तो कर दिया गया, परन्तु जनवरी 2006 से अगस्त 2008 तक की इन्सेन्टिव राशि का भुगतान नहीं किया गया। चूंकि उक्त समयावधि में बीएनपी देवास के कर्मचारी वित्त मंत्रालय के अधीन थे तथा उक्त अवधि में सेवानिवृत्ति एवं अन्य लाभ वित्त मंत्रालय द्वारा दिये गये थे।

फरवरी, 2010 से एसपीएमसीआईएल में बीएनपी की यूनियनों के साथ 9 इकाइयों में समान व्यवस्था लागू करने के लिए किये गये समझौते में 35 प्रतिशत सीलिंग सहित नई इन्सेन्टिव योजना लागू की गई, इससे पहले अलग–अलग इन्सेन्टिव योजनायें थी।

अतः मैं केन्द्र सरकार और वित्त मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि बीएनपी देवास के कर्मचारियों को उक्त अवधि का बकाया इन्सेन्टिव एरिया की राशि का भुगतान शीघ्र कराने के आदेश जारी करें।